सार-समाचार

गणेश विसर्जन यात्राएं निकली

करौली, (निसं)। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ करौली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गणेश विसर्जन यात्राएं निकाली गई। शहर के युवा डीजे की धुन पर बज रहे मधुर भजनों पर नाचते गाते अबीर,गुलाल उडाते हुए चल रहे थे करौली शहर के चैबे पा डा गणेश भक्त मंडल,शहर के हिंडौन गेट गणेश भक्त मंडल की ओर से शहर के नगाडखाना दरवाजा से गणेश विसर्जन यात्राएं निकाली गई। भगवान गणेश जी की विशाल प्रतिमाओं को सुसजित रथ मे विराजित कर उन्हें शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाला गया। इस दौरान ऊंट,घोड़े आदि पर सवार होकर युवा अबीर और गुलाल उड़ाते चल रहे थे तो वही युवा ढोल नगाड़े और डीजे कि धुन पर नाचते गाते गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते चल रहे थे विसर्जन यात्राएं शहर के फूटाकोट चैराहा, चैधरी पा डा,हिंडौन गेट, अस्पताल रोड,गुलाब बाग, स्टेडियम, मासलपुर चुंगी नाका होते हुए बड़ा पांचना पुल पर पहुंची जहां विद्वान पंडितों के मंत्रोचारणों के बीच भगवान गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना कर प्रतिमाओं को पानी में विसर्जित कर दिया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू

करौली, (निसं)। जिला प्रभारी मंत्री एवं गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मंगलवार को पशुपालन विभाग में श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया, उन्होंने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टुबर तक स्वच्छता पखवाडा मनाया जाएगा इस दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी जिला ब्लॉक एवं ठाम पंचायत स्तर पर कुछ समय निकाल कर अपने कार्यालयों एवं घरों में साफ सफाई अवश्य करें जिससे अपने वातावरण को स्वच्छ रख कर हजारों बीमारियों से बचा जा सकता है। जिला प्रभारी मंत्री ने इसके पश्चात पशुपालन विभाग में संचालित बहुउद्देशीय पशुचिकित्सालय का निरीक्षण किया जिसमें चिकित्सालय में निशुल्क दवाओं की उपलब्धता वितरण एवं पशुओं के लिए ठामीण क्षेत्र में दवा वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मासलपुर, सपोटरा एवं हिण्डौन क्षेत्र में पशुचिकित्सालय केन्द्रों पर वितरण दवाओं के बारे में भी जानकारी ली। जिला प्रभारी मंत्री ने पशुपालन विभाग करौली कार्यालय परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की एवं उनके संरक्षण एवं देखभाल की भी बात कही। इस अवसर पर कलक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, एडीएम राजवीर सिंह चैधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीना, सीईओ उदयभानु चारण, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ गंगा सहाय मीना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

करौली, (निसं)। करौली पांचना बांध पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बैसला के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने तुलसीपुरा, राजपुर और थड पंचायत क्षेत्र का दौरा किया जहा पांचना बांध क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने की मांग को लेकर जागृति अभियान चलाया। प्रवक्ता राजेंद्र सारस्वत ने बताया कि अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बैसला के साथ पंडित रामजीलाल, कैप्टन हरकेश, महेंद्र बैंसला, हरकेश बैंसला, हरवीर बैंसला सहित अनेकों पंच पटेल एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे ठामीण क्षेत्र के लोगों ने समिति को पूर्ण विश्वास दिलाया कि पांचना बांध को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने कि मांग का हम पूरा समर्थन करते हैं ग्रमीण क्षेत्र में जगह-जगह समिति के अध्यक्ष सहित पदाधिकारीयो का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

जनसुनवाई व रात्रि चैपाल आज

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने बताया कि आज बुधवार को प्रात: 11:00 बजे कलेक्ट्रट सभागार कक्ष करौली में संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में विभागीय विकास कार्य एवं योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक के पश्चात दोपहर 2.30 बजे से जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण भी किया जाएगा तथा इसके पश्चात सांय 7 बजे से ग्राम पंचायत मांची के ग्राम पहाडी मीरान के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में रात्रि चैपाल का आयोजन भी किया जाएगा।

पटवारियों ने किया धरना प्रदर्शन

हिंडौन सिटी, (निसं)। उपखंड कार्यालय पर तहसील सूरत हिंडौन वैशाली महावीर जी के समस्त पटवारी द्वारा पेन ड्राइव स्ट्राइक रखकर धरना प्रदर्शन किया उप शाखा अध्यक्ष हिंडोन बनैसिंह बताया कि दिनांक 22 अगस्त 2024 को श्रीमान अतिरिक्त प्रबंधन आयुक्त महोदय जयपुर के साथ ऑनलाइन गिरदावरी एप्स के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर बनी सहमति को लागू नहीं करने के विरोध स्वरूप।17, 18 सितंबर को समस्त उपखंड हिंडौन के पटवारी द्वारा पेन ड्राइव स्ट्राइक रखकर धरना प्रदर्शन किया।

'सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे आमजन तक पहुंचे'

करौली, (निसं)। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे आमजन तक पहुंचे जिससे प्रदेश 2047 तक विकसित राजस्थान बन सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आमजन को हर प्रकार से मजबूत बनाना चाहती है जिसके लिए विभिन्न प्रकार की योजनाऐं संचालित की जा रही है, सरकार ने जो वादा किया उसे सफल बनाने के लिए की राह पर अठासर हैं। प्रदेश के विकास में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है इसलिए कार्यालयों और

- **पीएम आवास योजना एवं विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित**

टाउन हॉल मे नव चयनित कर्मचारियो को वेलकम किट भेट करते प्रभारी मंत्री जवाहर सिह बेडम।

घरों में पर स्वच्छता अपनाऐं, स्वच्छता से हजारों बीमारियां का समाधान संभव है इसलिए स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया गया है।

जिला प्रभारी मंत्री एवं गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के मंत्री जवाहर सिंह बेढम मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव, स्वच्छता ही सेवा, पीएम आवास योजना एवं विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास समारोह की संयुक्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को नव नियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान कर लोक सेवकों के कर्तव्य, दायित्व एवं अपेक्षाएं से अवगत कराया। वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा मां वाउचर योजना का शुभारंभ प्रदेश स्तर पर पोस्टर विमोचन और सोनोठाफी कूपन जारी कर किया गया और जिले के विभिन्न विभागों के करोडों की लागत के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। संयुक्त जिलास्तरीय कार्यक्रम करौली विधायक दर्शनसिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराम बालौती, नगर परिषद सभापति पूनम पचैरी, जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, एडीएम राजवीर सिंह चैधरी, सीईओ उदयभानु चारण, सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद मीना, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीशचंद मीना, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क धमेन्द्र मीना सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधीगण, गणमान्य नागरिक और नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

जिले की इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण जिले में विधानसभा क्षेत्र करौली के 220 केवी जीएसएस और विधानसभा क्षेत्र हिंडौन के 132 केवी जीएसएस खिजूरी का वर्चुअन शिलान्याय किया गया वही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सीएचसी शेरपुर, सीएचसी रोंधई, सीएचसी कटकड, सीएचसी झारेडा, पीएचसी गुनेसरा, पीएचसी भांकरी, सब सेन्टर बरखेडा और प्रथम श्रेणी प्राथमिक चिकित्सालय कुडगांव का शिलान्यस किया।

इसी प्रकार पीएचसी खेडियान का पुरा, पीएचसी दौलतपुरा, सीएचसी कैलादेवी, सीएचसी परिता, ड्रग वेयर हाउस करौली, सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय दानालपुर, दो कमरा हिंगोट, जिला औषधि भंडार भवन निर्माण, पशु पोषण प्रयोगशाला, लवकुश वाटिका अंतर्गत तलाई, सुरक्षा दीवार, पौधारोपण, एकलव्य मॉडल स्कूल रानौली क्षमता वर्धन, नवीन बालिका आश्रम छात्रावास भवन महाविद्यालय मंडरायल और दो कमरा निर्माण राजकीय विद्यालय हिंगोट का लोकार्पण किया। इसके अलावा जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री द्वारा सुश्री पायल अठावाल जेएलओ, रूपेश कुमार जेएलओ, एएनएम राधा, आशा जारीन, उमा मीना, ज्योति शर्मा, राजकुमारी शर्मा, विनिता, पूजा कुमारी मीना और अमीषा मीना सहित 146 नवनियुक्त कार्मिकों का वेलकम किट प्रदान की, समस्त कार्मिकों ने राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित भी किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी सुगरबाई, कमलता, जमनादेवी, रूमाली, एवं जगनी को पीएम आवास का कार्यपूर्ण होने पर घर और चाबी सिंबल प्रदान कर गृह प्रेवश कराया इसके अलावा अन्य लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया गया, इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत योग्य विभिन्न लाभार्थीयों प्रथम किस्त प्रदान की गई। इसी क्रम में पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लोग माननीय प्रधानमंत्री का वर्चुअल कार्यक्रम से जुडे।

गंगापुर सिटी में शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह मधुबन रिसोर्ट रिद्धि सिद्धि अस्पताल के सामने हिंडौन रोड गंगापुर सिटी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक व प्रवक्ता खगेश खटाना ने बताया कि सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश बैरवा प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनुज कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार गंगापुर सिटी तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेंद्री मीणा प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी, राजेश शर्मा जिला प्रभारी, महेंद्र जैन जिला महामंत्री, विष्णु गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार गंगापुर सिटी तथा राजकुमार मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष आदि ने मां सरस्वती व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिक्षकों ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में ब्लॉक गंगापुर के सभी गैर सरकारी विद्यालयों के संचालक बेसिक शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र मित्तल ने किया।

भरतपुर जिले की सीनियर महिला क्रिकेट टीम घोषित

भरतपुर जिले की सीनियर महिला क्रिकेट टीम घोषित।

भरतपुर, (निसं)। राज्यस्तरीय सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के चयनकर्ताओं सूरज शर्मा, नरेश खत्री, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह व पंकज गोयल के द्वारा जिले की टीम घोषित कर दी गई है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि टीम चयन के लिए अपनाई गई एक दिवसीय चयन प्रक्रिया के बाद भरतपुर जिले की टीम निम्न प्रकार घोषित की गई है टीम का कप्तान पूनम शर्मा एवं उपकप्तान मनीषा कुंतल को बनाया गया है जबकि बाकी टीम निम्न प्रकार है नीतू शर्मा, शिखा शर्मा, स्नेहा सिंह कुंतल,अंशु कुमारी, पीयूषा कुमारी, शिवानी सिंह, आकृतिक सिंह, स्नेहा सिंह सिंनसिनवार, अनुष्का सोलंकी, वसुंधरा चौधरी, पूनम पराशर, श्रुति जाखड, कीर्ति सिंह, बबीता कुमारी, पूनम बाल्मिक, दृष्टि शर्मा, अक्षिता अरोड़ा को टीम में शामिल किया गया है एवं टीम के मैनेजर अनीता सिंह व कोच श्वेता चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया है तथा ट्रेनर देवेंद्र सिंह को बनाया गया है।सचिव ने यह भी बताया कि टीम का पहला मैच 18 सितंबर को चूरू से तथा दूसरा मैच 19 सितंबर को हनुमानगढ से एवं तीसरा और अंतिम लीग मैच 20 सितंबर को झुंझुनू से होगा।यह प्रतियोगिता टी-20 लीग मैच के आधार पर रेड बॉल से जयपुर में खेली जायेगी टीम के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी संयुक्त सचिव अजय कुमार सदस्य वीनू सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

रघुवंशी ने अकबरपुर को 3-0 से हराया

हिंडौन सिटी, (निसं)। शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर हिंडौन सिटी में 68 वी जिला स्तरीय माध्यमिक उच्च माध्यमिक खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पार्षद नगर परिषद हिंडौन प्रतिनिधि नरेश गुर्जर ने कहा बच्चों को प्रतिदिन खेल मैदान पर मेहनत कर आगे बढ़कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में अपना नाम रोशन करना चाहिए । बालिकाओं को वीनेश फोगाट से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा ने कहा इस भौतिकतावादी युग में अभिभावक अपने बच्चों को आईएएस व आईपीएस बनना चाहता। लेकिन यह नहीं सोचता है कि बच्चे की क्षमता कितनी है दबाव डालने से अवसाद पैदा होता है । संयोजक एवं प्रधानाचार्य सीमा जादौन व विनोद मीणा ने बताया की कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ए सी बी ओ रिद्धि चंद्र जैन, सेवानिवृत्ति रेंजर सुभाष चंद्र, समाजसेवी रमा अठावाल, महेश चंद सोनी, मधुबाला शर्मा, कंचन खनेजा, व्याख्याता सुनील गुप्ता व प्रतियोगिता पर्यवेक्षक रामनिरी बेनीवाल , राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा, शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश मीणा उपस्थित रहे। थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिया दी गई। संयोजक सीमा जादौन ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन पढ़ा व सभी का आभार व्यक्त किया। सुनील भैया सेमी फाइनल मैच जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभाग द्वारा दिए गए।खेल प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि प्रतियोगिता में हैंडबॉल, खो खो, योगा , बास्केटबॉल , वुशु ,रोलर स्केटिंग, लॉन टेनिस, बॉक्सिंग, तैराकी , खेलों की कुल 33 टीमों के 319 छात्रा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आज हुए मैच उद्घाटन मुकाबले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुवंशी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया । इसी तरह प्रतियोगिता में 17 वर्ष खो खो में केला देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय कैला देवी ने जी वी पूर्वांचल हिंडौन सिटी को तीन अंको से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया इन मैचों को खिलाने में शारीरिक शिक्षक देवेंद्र शर्मा, तेज सिंह रोत्र बाल, दिगंबर सिंह, शमशाद शेख,, फतहराम रज्जो धोबी, भावना टॉक, राजू डागुर, भारत लाल मीणा, कल्याण प्रसाद आदि ने निर्णायक व स्कोरर की भूमिका अदा की।

भाजपा नेता व समाज सेवी का निधन

हिंडौन सिटी, (निसं)। नई दिल्ली में रह रहे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाज सेवी फैलीराम राजौरा का बीते दिवस निधन हो गया। उनके निधन पर भाजपा के स्थानीय नेताओं के साथ सामाजिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। हिंडौन सिटी के मूल निवासी फैली राम राजौरा कई सालों से अपने परिवार के साथ नई दिल्ली में रह रहे थे। वे नई दिल्ली के शकूरपुर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं में शामिल थे। वे बहुत ही मिलनसार थे और समाज में उनकी पहचान सामाजिक पुरोधा के रूप में थी। उनके निधन पर अखिल भारतीय खटीक समाज हिंडौन के अध्यक्ष परसराम राजौरा, राम भरोसी कामरेड, गोकुल राम खन्ना, किशन राम खितोलिया, रिटायर्ड बैंक अधिकारी हरिलाल राजौरा, रिटायर्ड प्रिंसिपल श्यामलाल नागर, राम प्रसाद राजौरा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष करण सिंह राजौरा,पत्रकार कृष्ण मुरारी राजौरा सहित कई प्रमुख लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है और इसे समाज के लिए अपूरणीय क्षित बताया है।

शिविर में 132 लोगों की जांच

भरतपुर, (निस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर डायमण्ड घुमंतु क्लब एवं कोहिनूर बैडमिंटन क्लब द्वारा सामूहिक रूप से डायग्नोसिस पैथ लैब, भरतपुर के सहयोग से निरूशुल्क बी.पी. एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन विश्व प्रिय शास्त्री पार्क पर किया गया। डायमण्ड घुमंतु क्लब के अध्यक्ष राम अवतार कोठारी ने बताया कि निरूशुल्क बी.पी. एवं मधुमेह जांच शिविर में 132 लोगों की जांच की गई। सभी आगुन्तुकों को पीएम मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मिठाई बांटकर हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी गुप्ता, पुलिस जबाव देही समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश बंसल, अंर्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, भागचन्द बंसल, भरत अठावाल, संजीव सिंघल, विनय सिंघल, भरत शर्मा, के.बी. बंसल, दिनेश गोयल बबली, राजू चौधरी, पंकज बंसल, देवेन्द्र बंसल आदि उपस्थित रहे।

पार्षद किरन राना का स्वागत

भरतपुर, (निसं)। नगर निगम भरतपुर में स्थित पीली कोठी एसबीके स्कूल के पास में विराजमान गणेश जी के विसर्जन के मौके पर आयोजित भण्डारे के मौके पर वार्ड वासियों ने अपनी पार्षद किरन राना का स्वागत माला, पहना कर व शॉल उडाकर किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि बृजेन्द्र कंसाना (पप्पू पूनम लवानियां, रमेश पण्डित, दिनेश चंद, योगेशचन्द, राजेन्द्रप्रसाद शर्मा, विनोद जैन, सुभाष चन्द, मुकुल, दीपेश, नितेश, पिकुन जेन, मयंक जैन, महेश, राहुल, टीटू सहित, सैकडों लोग मौजूद रहे। तत्पश्चात सभी लोगों ने भण्डारे में प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर पार्षद किरन राना ने कहा कि मेरे वार्ड में निरन्तर विकास कार्य हो रहे है तथा वार्ड वासियों के सभी कार्य किये जायेगे। आपके सहयोग से वार्ड को भरतपुर का आदर्श वार्ड बनाया जायेगा।

बैठक आयोजित

भरतपुर, (निसं)। राजकीय आरबीएम चिकित्सालय में राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने आरबीएम व जनाना अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए।

गणपति बप्पा मोरिया, अबकी बरस तू जल्दी आ...

गंगापुर सिटी, (निसं)। गणपति बप्पा मोरिया, अबकी बरस तू जल्दी आ, जय गणेश जैसे नारो से गणपति के भक्तो ने आसमान को गुंजयमान कर दिया। मौका था गणेश विसर्जन शोभायात्रा का। श्री गणेश महोत्सव शोभायात्रा समिति पुरानी अनाज मण्डी एंव त्रिनेत्र गणेश महोत्सव समिति नसिया कॉलोनी सहित विभिन्न गणपति विसर्जन समितियो के संयुक्त तत्वाधान में विशाल विसर्जन शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई जिसमें श्रद्धा का सैलाब उमड पडा।

लोग भगवान गणेश की एक झलक पाने के लिए छतों पर घंटों तक इंतजार करते रहे। यात्रा में गणपति दर्शन के लिए छोटे बच्चों और महिलाओं सहित शहरी व ग्रामीण क्षैत्र की जनता में खासा उत्साह देखने को मिला। गणेश पूजन के लिए महिलाएं अपने हाथों में प्रसाद, नारियल, फूल और दीपक लेकर यात्रा के मार्ग में खडी दिखाई दी। मार्ग में आने वाले सभी मंदिरों पर भगवान गणपति की पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा पुरानी अनाज मंडी से शुरू होकर व्यापार मंडल, देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, बालाजी चौक, कैलाश टाकिज, ट्रक यूनियन, घास मंडी, पटवा बाजार, सब्जी मंडी, बद्रीनाथ मंदिर, पुरानी नगर पालिका, देवी स्टोर, महेश टाकिज, मालगोदाम रोड, सोनी चौराहा, बजरिया, कचहरी रोड, फव्वारा चौक, उदेई मोड, सालौदा, हिण्डौन गेट होते हुए कैलादेवी कालीसिल के लिए रवाना हुई। इस दौरान बालाजी चौक, बद्रीनाथजी मंदिर, उदेई मोड मनोरथ सिद्ध हनुमानजी मंदिर आदि जगहों पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। विसर्जन शोभायात्रा की शुरुआत सुबह करीब साढे 11 बजे पुरानी अनाज मंडी से हुई। जहां पंडितों ने भगवान गणेश जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई। इसके बाद गणपति की प्रतिमा को फूलों से सजे रथ में विराजित किया। गणेश विसर्जन शोभायात्रा के दौरान युवाओं का उत्साह देखने बन रहा था। यात्रा में शामिल युवा गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना, गणपति के वास्ते खाली कर दो रास्ते, जय बजरंग बली, जय शिवा सरदार की, जय राणा प्रताप की, मोरया रे मोरया जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने विसर्जन शोभायात्रा में रथ पर सवार हो कर कोली पाडे से नसिया कॉलोनी होते हुए पूरे शहर में सभी व्यापारियो द्वारा, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनो से अभिवादन स्वीकारते हुए गणपति बप्पा मोरिया के जयकारो के साथ भगवान श्री गणेश को नगर भ्रमण करवाया। एक दर्जन के करीब सजीव झांकिया लोगो के आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में दो बैण्ड सहित आधा दर्जन डीजे लगा कर जब गणपति के भजनो की थीम शुरू हुई तो युवाओ का जोश सातवें आसमान पर पहुंच गया। शोभायात्रा के दर्शनो के लिए यात्रा मार्ग के दोनो तरफ आमजन का हुजूम उमड पडा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण अखाडावाजो का करतब रहा जिसमें उनके द्वारा दिखाए गए कर्त्तव्य को देख कर लोगो ने दांतो तले उंगली दबा ली।

यात्रा मार्ग में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन ने चप्पे चप्पे की निगरानी के लिए जवानो को तैनात किया। वहीं ड्रोन से पूरे यात्रा मार्ग की निगरानी की गई। पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार ने बताया कि एक हजार पुलिसकर्मी गणेश विसर्जन शोभायात्रा में तैनात किए गये। वहीं यात्रा मार्ग में करीब 15० घरो की छतो पर पुलिसकर्मियो को निगरानी के लिए खडा किया गया। चप्पे चप्पे पर पुलिस व प्रशासन की निगरानी रही, इसके लिए एरिया वाइज अधिकारियो को जिम्मेदारी सौपी गई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि असामाजिक तत्वो व गडबडी करने वालो पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिस वाले तैनात किया गया। इसके साथ ही एरिया वाइज मजिस्ट्रटो की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही करीब सभी विभागो के 7०० कर्मचारी यात्रा की व्यवस्था में तैनात रहे। प्रशासन ने गणेश विसर्जन शोभायात्रा के सफलता पूर्वक निकालने व किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं होने के लिए कमर कस ली है। प्रशासन ने पूर्व नियोजित तरीके से यात्रा मार्ग के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील रास्तो पर बैरिकेटिंग की है जिससे असामाजिक तत्व यात्रा में विघ्न नहीं डाल सके। कैलाश टाकीज, फब्बारा चौक पर तीन लयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रत्येक बैरिकेटिंग पर पुलिस का जाप्ता लगाया गया है। शहर में गणेश शोभयात्रा को लेकर की गई बैरिकेटिंग से आमजन को परेशानी उठानी पडी। वहीं प्रशासन ने भी शहर की यातायात व्यवस्था को बाइपास हो कर डायवर्ट किया।

यात्रा की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब इसका अगला सिरा उदेई मोड पहुंच रहा था। तब अंतिम छोर फव्वारा चौक पर था। पूरी यात्रा के दौरान डीजे की धुन पर युवक नाचते हुए चल रहे थे। देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, बालाजी चौक, ट्रक यूनियन, फव्वारा चौक, कचहरी रोड, उदेई मोड आदि स्थानों से होकर जब शोभायात्रा निकली तो चारो ओर लोगों की भीड नजर आ रही थी। यात्रा में गणपति दर्शन के लिए छोटे बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। गणेश पूजन के लिए महिलाएं अपने हाथों में प्रसाद नारियल, दीपक लिए यात्रा के मार्ग में खडी दिखाई दी। मार्ग में आने वाले सभी मंदिरों पर भगवान गणपति की पूजा अर्चना की गई।पूरी गणेश विसर्जन शोभायात्रा के दौरान युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था।

मैराथन दौड़ का आयोजन

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। भारत राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया स्वच्छ भारत, के उद्देश्य को लेकर सभी ने दौड़ लगाई और स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। वहीं विद्यायक कोली ने सभी का आभार जताते हुए सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को लेकर जानकारी दी और शपथ दिलाई। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सुरेश मीणा ने बताया कि भारत सरकार एवं आवासन शहरी कार्य मंत्रालय ने निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन को दस वर्ष पूर्ण होने पर थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता को सफल बनाने लिए नगर पालिका भुसावर द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि विधायक बहादुर सिंह कोली रहे। जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव ने की।

विशिष्ट अतिथि के रुप में नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरज पाण्डे पुष्कर पांडे राजेंद्र पाण्डे सहित नगर पालिका के पार्षद रहे। मैराथन दौड़ का शुभारंभ विधायक बहादुर सिंह कोली ने हरी झंडी दिखाकर किया जहां दौड़ आर्य महिला विद्यापीठ के मुख्य गेट से शुरु होकर मुख्य मार्ग से होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में समाप्त हुई जहां विजेताओं को सम्मानित किया गया और स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई गई वहीं अमर शहीद रमेश स्वामी पार्क में श्रम दान किया गया। विधायक बहादुर सिंह कोली ने कहा कि भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए हमें जागरूक होना पड़ेगा न खुद कचरा फैलाएंगे और न ही फैलाने देगे की सोच लेते हुए जागरूक करने की अपील की।

राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया पीएम का जन्मदिन

पीएम के जन्मोत्सव पर प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला मुख्यालय पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा के नेतृत्व में मंगलवार को पंचायत समिति स्थित महात्मा गांधी पार्क में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। इसके बाद कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी कर रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पर प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर को भारतीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता पंचायत समिति स्थित महात्मा गांधी पार्क में एकत्रित हुए। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी समर के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के युवाओं को 2 करोड रोजगार देने की घोषणा मिथ्या साबित हुई, निजीकरण के कारण देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है और जो भर्ती प्रक्रिया हुई हैं। उनमें पेपर लीक के जरिए छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के साथ खिलवाड कर उनका हक छीना जा रहा है, इस कारण हिंदुस्तान के युवा वर्ग में भारी आक्रोश है। युवा कांग्रेस कार्यकर्ता महात्मा गांधी पार्क से जिला कलेक्ट्रेट तक रैली के रूप में मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को राष्ट पति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा, विनोद मुराडा, युवा नेता राजेश सेहरा, अशो